संख्या-8/15/1/2005-का-4-2014

प्रेषक,

राजीव कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

सचिव,
लोक सेवा आयोग,
उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

कार्मिक अनुभाग-4 लखनऊ : दिनांक : 17 जून, 2014

विषय:-लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश कार्यालय हेतु अतिरिक्त पदों का सृजन किया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, आयोग के पत्र संख्या-148/11-अधि./2004-05, दिनाक 17.5.2014 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश कार्यालय हेतु निम्न तालिका के अनुसार अस्थायी पदों को आदेश निर्गत करने की तिथि से दिनांक 28.2.2015 तक, यदि इससे पूर्व बिना किसी सूचना के समाप्त न कर दिये जायें, सृजित किये जाने की राज्यपाल महोदय, सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

क्र.सं.	पदनाम	पदों की संख्या	वेतन बैण्ड	सादृश्य वेतनमान (रू.)	ग्रेड पे (रू.)
1.	संयुक्त सचिव	01	वेतन बैण्ड-4	37400-67000	8700
2.	उप सचिव	02	वेतन बैण्ड-3	15600-39100	7600
3.	अनुसचिव	03	वेतन बैण्ड-3	15600-39100	6600
4.	अनुभाग अधिकारी	09	वेतन बैण्ड-3	15600-39100	5400
5.	समीक्षा अधिकारी	36	वेतन बैण्ड-2	9300-34800	4800
6.	सहायक समीक्षा अधिकारी	18	वेतन बैण्ड-2	9300-34800	4600
7.	कम्प्यूटर सहायक	09	वेतन बैण्ड-1	5200-20200	2400
8.	अनुसेवक	09	आउटसोर्सिंग के माध्यम से		

2. पदधारकों को शासन द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों के अनुसार मंहगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते, जो उक्त पदों हेतु अनुमन्य हैं, देय होंगे।

3. उपर्युक्त पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2014-2015 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-20 में लेखाशीर्षक, ''2051-लोक सेवा आयोग-आयोजनेतर-102-राज्य लोक सेवा आयोग-03-राज्य लोक सेवा आयोग (भारित)'' के अन्तर्गत सुसंगत इकाइयों के नामे डाला जायेगा।

4. उक्त आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-5-863/दस/2014, दिनांक 17 जून, 2014 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(राजीव कुमार)
प्रमुख सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-15/1/2005(1)-का-4-2014, तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2. महालेखाकार (प्रथम/द्वितीय), उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
3. वरिष्ठ लेखाधिकारी, लेखा एवं हकदारी, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
4. निदेशक, वित्त सांख्यिकी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. कोषाधिकारी, इलाहाबाद।
6. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-5
7. वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1/2
8. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2

आज्ञा,

(मदन मोहन पाण्डे)
विशेष सचिव

http://Shasanadesh.up.nic.in